सुविचार

हारने का मज़ा तब ही आता है, जब सभी आपके हारने का इंतज़ार कर रहे हो।

# अंतर्कथा




खबरों की विश्वसनीयता हमारी पहचान...

अंतर्कथा | वर्ष 26, अंक 37 | Web :- www.antarkatha.com | Youtube:- antarkatha news | मंगलवार 7 मई 2024 | पेज-


## संक्षिप्त खबर

### पूर्व सीएम हेमंत सोरेन अपने चाचा के श्राद्ध में हुए शामिल



अंतर्कथा प्रतिनिधि

रांची : झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन जेल से बाहर निकले हैं। वह अपने चाचा के श्राद्ध कर्म में शामिल होने रामगढ़ के नेमरा गांव पहुंचे हुए हैं।इस दौरान पूर्व सीएम कुछ अलग अंदाज में दिखे। उनका नया लुक सामने आया, जो काफी हद तक उनके पिता शिबू सोरेन जैसा है। हेमंत सोरेन ने यहां पहुंचकर अपने माता-पिता का आशीर्वाद लिया।उन्हें देख उनकी मां रूपी सोरेन भावुक हो गईं। बता दें कि हाई कोर्ट ने उन्हें पुलिस कस्टडी में इस कार्यक्रम में शामिल होने की अनुमति प्रदान की है।

### फांसी के फंदे से लटका किशोरी का शव पुलिस ने किया बरामद,शव मिलते ही इलाके में फैली सनसनी

नवादा -:नवादा जिले के नरहट थाना क्षेत्र के गारो बीघा गांव में फांसी के फंदे से लटका एक किशोरी का शव पुलिस ने बरामद किया है। शव मिलते ही इलाके सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान नेमदारगंज थाना क्षेत्र के छोटकी अम्मा गांव निवासी धर्मेंद्र पांडेय की 13 वर्षीय पुत्री प्रिया कुमारी के रूप में किया गया है। परिजनों ने बताया कि प्रिया नानी घर गारो बीघा में रहकर पढ़ाई करती थी। वह बिहार पुलिस की तैयारी भी कर रही थी। प्रतिदिन सुबह में फिजिकल की तैयारी के लिए दौड़ती थी। इसी बीच आज सुबह डिप्स मारने के दौरान दुपट्टे से उसे फांसी लग गई जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### दांत रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज कुमार के घर में और मेन रोड स्थित दुकान में लगी आग, कारणों का पता नही

नवादा -: नवादा नगर में रविवार देर रात एक मकान में आग लग गयी और देखते ही देखते आग विकराल रूप ले लिया। इस अगलगी की घटना में दो स्कूटी समेत लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गया। रात्रि में हुई घटना क़े बाद आग जब बेकाबू हुआ तो स्थानीय लोगों ने दमकल क़ो फोनकर सूचना दिया। दमकलकर्मी घंटों मशक्कत क़े बाद आग पर काबू पाया, तबतक सबकुछ खाक हो चुका था। आगलगी क़े कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना नगर क़े नीम टोला देवी स्थान के पास हुई, जहां दांत रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज कुमार क़े घर में अचानक आग लग गयी। आग इतना भयावह थी कि देखते हीं देखते घर में लगी दो स्कूटी संग घरेलू सामान सारा समान जलकर राख हो गया।

# ईडी को छापे में मिला नोटों का अंबार

## 30 करोड़ तक की गिनती हो का अनुमान,अभी और बढ़ने की संभावना

अंतर्कथा प्रतिनिधि



रांची : केंद्रीय एजेंसी ईडी के छापेमारी में रांची एक बार फिर से सुर्खियों में छा गई है।ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल से जुड़े नौकर के घर के एक कमरे में नोटों अंबार मिला।

नौकर जहांगीर आलम के घर नोटों का अंबार इतना कि उसे गिनते गिनते मशीन थक गए यानी की एक-एक कर दो मशीन खराब हो गए। शाम करीब 7:15 में बरामद नोट की गिनती के लिए एक और नई मशीन लेकर जहाँगीर के आवास पर पहुँची। ईडी की टीम अब तक टोटल 8 नोट गिनने वाली मशीन लगी हुई है। प्रवर्तन निदेशालय के एडिशनल जॉइन्ट डायरेक्टर कपिल राज भी संजीव लाल के सहायक जहांगीर आलम के आवास पर पहुंचे और करीब दो घंटे के बाद निकल गए।

वही नोटो की बात करे तो अबतक सूत्रों के अनुसार 30 करोड़ की गिनती हो चुकी है। अनुमान लगाया जा रहा है कि यह गिनती 40 करोड़ तक जा सकता है।

एक दूसरे छापेमारी में रांची के एक बिल्डर के यहां छापेमारी हुई जहां से कभी ढाई करोड रुपए बरामद हुए।

# लक्ष्मी देवी ने किया निरसा विधानसभा क्षेत्र का दौरा

अंतर्कथा प्रतिनिधि



धनबाद। धनबाद लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी लक्ष्मी देवी ने निरसा विधानसभा का दौरा किया। लक्ष्मी देवी जन आशीर्वाद लेने के लिए गांव गांव घर घर पहुंच रही हैं। लक्ष्मी देवी धनबाद के विकास के लिए वोट मांग रही हैं।

लक्ष्मी देवी ने कहा कि धनबाद के विकास को लेकर कभी गंभीरता से कार्य नही किया गया। एयरपोर्ट एम्स अस्पताल सब लूटा दिया। धनबाद सबसे ज्यादा रेलवे को राजस्व देता है लेकिन रेल सेवा भी धनबाद को सही से नही मिल रहा है। कोई भी अच्छा ट्रेन धनबाद को नही मिला। जनता पानी बिजली के लिए त्राहिमाम कर रही है। आवास और शौचालय योजना को कागज पर बैठा कर दलाल मलाई खा गए। संविदा पर कार्य करने वाले आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, रसोइया सब सरकार की गलत नीति का खामियाजा भोग रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में कोई भी प्रतिनिधि नही आता है। समाज में गतिबो वंचितों पिछड़ों को देखने सुनने वाला कोई नहीं है।

# नंदी सेवा ट्रस्ट ने पूर्व सांसद पप्पू यादव का किया स्वागत

अंतर्कथा प्रतिनिधि




पुटकी। बिहार के पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे पूर्व सांसद पप्पू यादव सोमवार को पुटकी स्थित नंदी सेवा ट्रस्ट के कार्यालय पंहुचे। जंहा ट्रस्ट के अध्यक्ष रंजीत कुमार उर्फ जितेंद्र यादव के नेतृत्व में उनका स्वागत किया। मौके पर पूर्व सांसद श्री यादव ने कहा कि युवाओं में आक्रोश है,किसानों की आवाज दबाई जा रही है। छोटे व्यापारी की हालत खराब है। पिछले 10 वर्षों मे झारखंड के अंदर एक भी फैक्ट्री नहीं लगी। रोज की आस में युवा पलायन कर रहे हैं। मौके परपर रंजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह, जितेन्द्र यादव,बिरेन गोप, नीरज झा, संदीप मांझी, डॉ माधव झा, राजेश यादव, नाथनारायण यादव, दीपक सिंह, भोला शर्मा, आनन्द सिंह चौधरी, अनिल शर्मा, पप्पु पासवान व अन्य थे।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने रौंदा स्कूटी सवार दो बहनों को, मौके पर मौत

अंतर्कथा प्रतिनिधि






धनबादः शहर के गोल बिल्डिंग से कतरास मोमको मोड़ जाने वाली 8 लेन सड़क पर असर्फी अस्पताल और बिरसा मुंडा पार्क के बीच सोमवार को एक बड़ा हादसा हुआ. जिसमें एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होने के बाद स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी. इस हादसे में स्कूटी पर सवार दो सगी बहनों की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे में स्कॉर्पियो पूरी तरहएसडी से सड़क पर पलट गई.

डीएसपी संदीप गुप्ता ने बताया कि बिरसा मुंडा पार्क की तरफ से एक स्कॉर्पियो तेज रफ्तार में भूली की तरफ जा रही थी. असर्फी हॉस्पिटल से पहले अचानक एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर भूली से मेमको मोड़ जाने वाली सड़क में घुस गई. इससे पहले की स्कॉर्पियो नियंत्रित हो पाती, स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी. स्कूटी को टक्कर मारने के बाद स्कोर्पियो पूरी तरह से पलट गई. इस हादसे में स्कूटी पर सवार दो सगी बहनों की मौके पर ही मौत हो गई है. धैया की रहने वाली दोनों बहने भूली से पढ़ाई के बाद स्कूटी पर सवार होकर अपने घर वापस लौट रही थी. इस दौरान यह हादसा हुआ है. मृत सगी बहनों के नाम इशिका होरो और जिया होरो है. इशिका बड़ी बहन थी, जिया नाबालिग थी.

वहीं, घटना के बाद स्कॉर्पियो में सवार दो लड़कों को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया. घटना के वक्त लोग काफी थे. कुछ प्रबुद्ध जनों ने दोनों लड़कों एक जगह बंद करके रखा था. पुलिस के पहुंचने के बाद दोनों लड़कों को पुलिस के हवाले कर दिया गया.

# जिसके हाथ में कमल का निशान हैं वह भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी है: अमर बाउरी

अंतर्कथा प्रतिनिधि



झरिया: झरिया अग्रवाल धर्मशाला में सोमवार को झरिया अग्रवाल धर्मशाला में शक्ति केंद्र कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
बैठक में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा लोक सभा चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक मतों से जिताने का संकल्प लिया। भाजपा के नेता नेता प्रतिपक्ष श्री अमर बाउरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता पूरे समर्पण भाव से समाज के लिए कार्य करता है। जनता के बीच हमलोग नरेंद्र मोदी की गारंटी को लेकर जा रहा हैं। जिसके हाथों में कमल का निशान हैं वह भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी है। आने वाले विधानसभा चुनाव में झरिया से कमल खिलेगा । उन्होंने बूथ के पदाधिकारीयों को सक्रिय करते हुए की वोटर्स से संपर्क करने को कहा। भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक विजय दिलाने का आह्वाहन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश को सुदृढ़ करने की दिशा में ऐतिहासिक निर्णय लिए है। धारा 370, राम मंदिर निर्माण सहित देश का विश्व की आर्थिक महाशक्ति के रूप में निरन्तर बढ़ना अनेकों निर्णय है जहाँ आज भारत का सम्मान बढ़ा है। कांग्रेस ने साढ़े चार साल में गठबंधन की सरकार में सिर्फ झारखंड में भ्रष्टाचार और दोहन ही किया है। उन्होंने कहा कि आज देश की दिशा में आगे बढ़ रहा है। जो राम को लाए है हम उनको लाएंगे। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने कहा कि मोदी जी ने सैंकड़ों विकास कार्य किए हैं उन्हें जन जन तक पहुंचाना है। झरिया में पिछले लोकसभा चुनाव से बढ़कर वोट मिलेगा। भाजपा को वोट देकर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है। ताकि देश का विकास हो सके। पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर लगे हैं, उन्ही के बदौलत ही पार्टी का परचम लहराता है।

# कैंडल जलाकर आम लोगों को दिलाई मतदान करने के लिए शपथ



अंतर्कथा प्रतिनिधि

पुटकी। मुनीडीह बाजार स्थित इंदिरा चौक में सोमवार को संध्या समय स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता हेतु कैंडल जलाकर एवं रंगोली बनाकर आम लोगों को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर दुबराजडीह मुखिया रमेश कुमार सिंह एवं बरडुभी मुखिया मनोज सिंह ने कहा कि इस लोकतंत्र के पर्व को सभी मतदाता उत्साह और उमंग के मनाये और 25 मई को अधिक से अधिक संख्या में अपने अधिकार का प्रयोग करें। मौके पर पंसस सुधीर कुमार,मधुसूदन पासवान, चन्द्रदेव प्रसाद,राजु कुमार,शीला सिंह, उषा सिंह व अन्य मौजूद थे।

# पप्पू यादव ने जीत का किया दावा, कहा- पूर्णिया लोकसभा सीट लिखेगा इतिहास

अंतर्कथा प्रतिनिधि



धनबाद: सोमवार को पूर्व सांसद पप्पू यादव धनबाद पहुंचे. इस दौरान पॉलिटेक्निक स्थित खटाल के यादव समाज के लोगों ने उनका स्वागत किया. पूर्णिया सीट को उन्होंने वर्ल्ड का हॉट सीट बताया है. साथ ही कहा कि वायनाड में भी चुनाव हो रहा था. लेकिन देशभर में चर्चा सिर्फ बिहार की पूर्णिया लोकसभा चुनाव की थी. चार जून के बाद यहां के लिए इतिहास लिखा जाएगा.
मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि नो मनी, नो मसल लोगों के दिल पर राज किए हैं. लोगों ने दिल दिया है और देश के 130 करोड़ लोगों ने अपना आशीर्वाद दिया है. पूरा का पूरा वर्ल्ड का हॉट शीट पूर्णिया. वायनाड का चुनाव था लेकिन चर्चा पूर्णिया सीट की चल रही थी. उन्होंने कहा एक बार फिर से इलाहाबाद का इतिहास पूर्णिया लिखेगा. पहली बार पूर्णिया चुनाव के दौरान नो बैकवर्ड फॉरवर्ड, न कोई कास्ट सिस्टम, सारे लोग एक पूर्णिया की धरती और खून, सीमांचल कोसी और मिथिला की आजादी लड़ाई है. यह सांसद का चुनाव नहीं था. चार जून के बाद पूर्णिया लोकसभा का इतिहास लिखा जाएगा. पूर्णिया सीट पर राजद प्रत्याशी के खड़े रहने पर उन्होंने कहा कि जो बीत गई वह बात गई. राजद भी हमारे साथ खड़ा है. अब हमलोग राहुल गांधी को पीएम बनने के लिए निकले हैं.
बता दें कि पूर्णिया लोकसभा सीट का चुनाव सम्पन्न हो चुका है. इस लोकसभा सीट से महागठबंधन में यह सीट राजद के खाते में गई थी. जिसके लिए राजद ने अपना प्रत्याशी उतारा और चुनाव लड़ाया. वहीं दूसरी ओर पप्पू यादव भी यहां से निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरे थे. वह कांग्रेस का समर्थन भी कर रहे है. इसलिए पप्पू यादव इस सीट को हॉट सीट बता रहे हैं. वह इस अंदाज में बोल रहे थे जैसे उनकी जीत सुनिश्चित है और महागठबंधन की हार.

### यह लोकसभा चुनाव की लड़ाई नही अर्जुन और कंस की हैं: पप्पू यादव

बिहार के पूर्व सांसद पप्पू यादव धनबाद लोकसभा प्रत्यासी अनुपमा सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार करने झरिया पंहुंचे और एक सभा को सम्बोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए पप्पू यादव ने जम कर भाजपा को आड़े हांथों लेते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी जी ने अपने दस साल के कार्यकाल में जनता को सिर्फ धोखा ही दिया है । जनता को बरगलाकर उन्हें अंधेरे में रखा। आज समय आ गया है , लोकसभा के चुनाव हो रहे हैं । यह लड़ाई अर्जन और कंस की है, यह लड़ाई देश की लोकतंत्र बचानी की है, और पूरा झारखंड राहुल गांधी जी के प्रधानमंत्री बनाने को तैयार है। आप लोग धनबाद लोकसभा के कांग्रेस प्रत्यासी पढ़ी लिखी , राजनीत की पहचान रखने वाली महिला हैं , इनका राजनीति से बहुत पूराना सम्बन्ध रहा है ।

# लक्ष्मी देवी ने किया विभिन्न क्षेत्रों का दौरा मांगा समर्थन



अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद। धनबाद लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी लक्ष्मी देवी ने लोयाबाद आंबेडकर चौक में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को नमन किया और स्थानीय लोगों से मुलाकात की। लक्ष्मी देवी ने कहा कि धनबाद के विकास को लेकर कुछ नही किया गया। धनबाद में गरीब, पिछड़े, दलित , वंचित वर्ग को कोई लाभ नहीं मिला। मोदी सरकार से अच्छे दिनों का सपना दिखा कर इस वर्ग को ठगने का काम किया। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने जो अधिकार गरीबों पिछड़ों दलितों को दिया उसे भाजपा सरकार ने वंचित कर चंद लोगों के लिए कार्य किया। लक्ष्मी देवी ने कहा कि धनबाद का विकास चाहिए, गरीबों पिछड़ों को अधिकार चाहिए तो भाजपा कांग्रेस के झांसे में नहीं आना है। लक्ष्मी देवी ने जनता से आशीर्वाद मांगा और अपने पक्ष में वोट करने की अपील की।
मौके पर सुनील पासवान, पप्पू पासवान, देवेंद्र पासवान, मंटू पासवान, रंजित पासवान, राजू पासवान,दिलीप सिन्हा, लालती देवी, सुमित्रा वर्मा आदि मौजूद थे।

# कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने भरा नामांकन



अंतर्कथा प्रतिनिधि

रांची : रांची लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में यशस्विनी सहाय ने आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया. यशस्विनी सहाय के नामांकन के समय राज्यसभा सांसद महुआ माजी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय भी मौजूद रहे. प्राप्त जानकारी के अनुसार यशस्विनी सहाय ने 04 सेटों में नामांकन पत्र दाखिल किया है. पेशे से अधिवक्ता यशस्विनी सहाय पहली बार राजनीति में उतरी हैं. वह कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनावी राजनीति में पदार्पण कर रही हैं. कांग्रेस आलाकमान ने इस बार पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय को टिकट नहीं दिया है. उनकी जगह उनकी बेटी यशस्विनी सहाय को उम्मीदवार बनाया गया है. नामांकन से पहले यशस्विनी सहाय ने कई मंदिरों में जाकर भगवान की पूजा-अर्चना की. उसके बाद अपने समर्थकों के साथ पैदल ही डीसी कार्यालय पहुंचीं.

# कंगालो बस्ती में लायंस क्लब ऑफ गोविंदपुर ने मनाया लायन रोशन अग्रवाल एवं सपना अग्रवाल की पुत्री दर्शी का जन्मदिन

- जरूरतमंद बच्चों के बीच बांटा पाठ्य सामग्री

अंतर्कथा प्रतिनिधि





गोविंदपुर: लायंस क्लब ऑफ गोविंदपुर के बैनर तले क्लब अध्यक्ष लायन डॉक्टर आरके शर्मा की अध्यक्षता में एवं लायन रोशन अग्रवाल एवं सपना अग्रवाल के सौजन्य से उनकी छोटी सुपुत्री दर्शी अग्रवाल के जन्मदिन के अवसर पर गोविंदपुर प्रखंड के जियलगढ़ा पंचायत के कंगलो बस्ती में एक कार्यक्रम आयोजित कर जन्म-दिन मनाया गया।
इस अवसर पर जरूरतमंद बच्चों के बीच स्टडी मैटेरियल्स, ड्रॉइंग , वॉटर बॉटल्स ,फ्रूटी, केक, बिस्कीट, कलम ,ड्राइंग बुक ,पेंसिल, कलर पेंसिल, इरेज़र आदि का वितरण किया गया!
इस कार्यक्रम को सफल बनाने में काफी लोगों का सक्रिय योगदान रहा जिनमें क्लब अध्यक्ष लायन डॉक्टर आरके शर्मा, सचिव लायन एसके राय, कोषाध्यक्ष लायन संदीप विश्वकर्मा, बरीय सदस्य लायन केडीएन आजाद ,लायन कमल अग्रवाल, लायन अनुराग प्रदीप ,लायन राकेश कुमार ,लायन प्रशांत सिंह ,लायन अशोक जयसवाल, लायन आनंद गिरि ,लायन अमन यादव, लायन ,लायन विकास बंसल, सपना अग्रवाल ,संगीता अग्रवाल लायन डॉक्टर साधना मैम , हर्षी अग्रवाल,अदविता, जियलगढ़ा पंचायत के मुखिया पति नितेश गोप कंगलों बस्ती के सामाजिक कार्यकर्ता शंकर तुरी के साथ-साथ बहुत सारे ग्रामीण लोग उपस्थित थे ।

# ननौरा गांव के छात्र छात्राओं और अभिभावकों ने गांव में ही हाई स्कूल बनाने की कर दी मांग

अंतर्कथा प्रतिनिधि

नवादा -: नवादा शहर के वार्ड 26 ननौरा के मोहल्लेवासी ,छात्राएं और अभिभावक गांव में हाई स्कूल भवन निर्माण की मांग कर रहे है।

बताया जाता है की वार्ड 26 के अंतर्गत हाई स्कूल ननौरा के नाम से आया था जहां इस 5000 आबादी वाले गांव में हाई स्कूल का निर्माण होना था उस समय ननौर में भूमि उपलब्ध नहीं रहने के कारण विद्यालय को ननौरा से 3 से 4 किलो मीटर दूर मोहिउद्दीनपुर गांव में विद्यालय का निर्माण कर दिया गया। छात्राएं और अभिभावक पुनः गांव में विद्यालय भवन का निर्माण करने की मांग कर रहे है।




ग्रामीणों ने बताया की वर्तमान समय में गांव में भूमि भी उपलब्ध है। छात्रा अनामिका ,प्रीति और मुन्नी कुमारी ने बताया की विद्यालय आने जाने में बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है,बीच में शमशान पड़ता है मोहिउद्दीनपुर पुल पर बदमाशों का जमगठ रहता हैं,स्कूल पढ़ने आने जाने वाली लड़कियों से छेड़खानी की जाती है पूरा इलाका सुनसान है जिस कारण लड़कियां खुद को असहज महसूस कर रही है।

## रेलवे लाइन के किनारे झाड़ियों में मिला युवक का शव,पुलिस घटना स्थल पर पहुंच शव को कब्जें में लेकर शुरू की कागजी कार्रवाई



अंतर्कथा प्रतिनिधि

जमुई झाझा-: झाझा नारगंजो मुख्य रेलखंड अंतर्गत रजला हॉल्ट से लगभग दो किलोमीटर दूर पोल संख्या 368/36-38 के बीच रेलवे लाइन के किनारे झाड़ियों में एक युवक का शव मिला है। दरअसल कुछ लोगों को झाड़ियों से दुर्गंध मिलने पर नजदीक जाकर देखा तो साड़ी मे लिपटा हुआ शव दिखाई दिया जिसके बाद लोगों के बीच हो हल्ला हुआ और लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर थानाध्यक्ष संजय सिंह, एसआई मुकेश कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचा जहां और बताए गए स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। शव काफी दिनों से पड़ने रहने के कारण सड़ी हुई अवस्था में था। हालांकि मृतक के पास से पुलिस ने पहचान को लेकर तलाशी ली लेकिन उसके पास से पहचान से संबंधित किसी भी तरह की पहचान से संबंधित कागजात या अन्य साक्ष्य उपलब्ध नही हो पाया। जिसके बाद पुलिस

## अज्ञात चोरो दे रहा चोरी की घटना को अंजाम, पुलिस को मिली सूचना



अंतर्कथा प्रतिनिधि

जमुई झाझा-: झाझा थानाक्षेत्र के ढीबा गांव में रात्रि में एक घर में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। दरअसल भीषण गर्मी होने के कारण घर के सभी सदस्य खाना खाने के बाद छत पर सोने के लिए चला गया और अहले सुबह छत से उतर नीचे कमरे में गया तो देखा कि कमरे में सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है। बक्सा में रखे नगद रूपए और जेवरात गायब है। जिसके बाद घर के लोगों ने हो हल्ला मचाया तो लोगों की भीड़ जुट गई और उसके बाद डायल 112 की पुलिस को सर्वप्रथम घर वालों ने चोरी की जानकारी दी जिसके बाद डायल 112 की पुलिस मौके स्थल पर पहुंचकर जांच की और उसके बाद थानाध्यक्ष संजय सिंह को चोरी की सूचना दी गई। गृहस्वामी ने बताया कि सुबह जब छत से नीचे उतरा तो देखा कि सारा कपड़ा सहित अन्य सामान बिखरा पड़ा हुआ था और कमरें का ताला भी टूटा हुआ था। कमरें मे बक्सा में रखे लगभग चार लाख रूपए का जेवरात और नगद पचास हजार रूपए भी गायब था। पीड़ित ने इस संदर्भ में पुलिस को चोरी हुई सभी सामग्री एवं नगद की जानकारी दी। थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि पीड़ित के ब्यान पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट चुकी है।

## पार्किंग ना देना पड़ा महंगा,किया मारपीट, कर दिया घायल, उपचार के लिए पहुंचा अस्पताल



अंतर्कथा प्रतिनिधि

जमुई झाझा-: सिमुलतला रेलवे स्टेशन पर पांच रूपए की रेलवे पार्किंग नही दिए जाने से दो भाईयों के साथ पार्किंग वाले और ऑटो चालक ने दोनो भाईयों के साथ मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक की पहचान धनबाद के रहने वाले मो. अफरोज अंसारी और सिमुतला थानाक्षेत्र के सियाटांड गांव के रहने वाले मो. साहिद के रूप में हुई है। मारपीट की सूचना रेलथाना झाझा को दी गई जिसके बाद रेलपुलिस ने दोनो घायलों को सर्वप्रथम इलाज के लिए परिजनों से कहा जिसके बाद परिजनों ने दोनो घायल को परिजनों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया जहां दोनो घायलों का डॅाक्टर ने उपचार किया गया लेकिन सिर पर गंभीर रूप से चोट लगने के कारण दोनो घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर किया। घायल साहिद ने बताया कि मेरे घर पर शादी का निमंत्रण पूरा करके मेरा भाई पटना धनबाद जाने के लिए मेरे साथ ई रिक्शा पर बैठक कर सिमुलतला रेलवे स्टेशन गया जहां पार्किंग के रूप में पांच रूपए विनोद और उसका बेटा मांगने लगा।

## कैमूर मे झाड़ फूंक कराने आई महिला के साथ दुष्कर्म के मामले मे दो गिरफ्तार

अंतर्कथा प्रतिनिधि



दुर्गावती -: झाड़ फुकु कराने वाली महिला के साथ गुरु और चेला ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इस मामले में पीड़िता के द्वारा दुर्गावती थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी पुलिस के द्वारा मामले में संज्ञान लेते हुए दोनों लोगों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया। बता दे की मन मन राम पिता जीत राम दुर्गावती थाना क्षेत्र के कलहनुआ गांव का रहने वाला है जो अपने मित्र के साथ वाराणसी में रिक्शा चलाने का काम करता था। मित्र ने अपनी पत्नी को पीड़ित होने की बात मित्र से बताई तो मित्र ने बोला कि हमारे गांव भेज दीजिए उसका झाड़ फूंक कर दिया जाएगा और महिला ठीक हो जाएगी। पति के समझाने पर महिला ने उसके गांव दुर्गावती थाना क्षेत्र कलहनुआ पहुंची जहां मन मन राम और उसका चेला राम अवध राम पिता स्वर्गीय भीखीराम ग्राम डारीडीह थाना नगसर जिला गाजीपुर ने बारी-बारी से महिला के साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता ने दुर्गावती थाने में पहुंचकर गुरु और चेला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुरु और चेला को एक साथ गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया।

# कैमूर डीएम ऑफिस में 7 से 14 मई तक प्रत्याशी नामांकन करेंगे, नौ स्टैटिक पॉइंट बनाए गए मजिस्ट्रेट पुलिस बल की तैनाती

अंतर्कथा प्रतिनिधि

कैमूर -: सासाराम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशियों द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन के लिए जिला निर्वाची पदाधिकारी सह जिला दंडाधिकारी कैमूर के कार्यालय कक्ष में आज मंगलवार से नामांकन पत्र दाखिल होगा।नामांकन पत्र 7 से 14 मई तक 11 से 3 बजे तक जमा लिया जाएगा।सोमवार को प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए डीएम सावन कुमार ने बताया कि 11 और 12 मई को नामांकन नहीं होगा।नामांकन को ले सभी




तैयारी पूरी कर ली गई है।भारत निर्वाचन आयोग से जारी प्रेस नोट के अनुसार 34 सासाराम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।जिसके अनुसार नामांकन की प्रक्रिया 7 मई से शुरू होगी।विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान उनके समर्थकों पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ वाहनों की काफी भीड़ होने की संभावना है। शांति एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु नामांकन अवधि के लिए समाहरणालय एवं आसपास दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी सहित पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। नामांकन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला दंडाधिकारी सावन कुमार ने पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।भभुआ शहर में नौ स्टैटिक पॉइंट बनाए गए हैं।जिसमें समाहरणालय के मुख्य द्वार, समाहरणालय परिसर अंतर्गत मुख्य द्वार, जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ के पास, समाहरणालय परिसर का दक्षिणीपश्चिमी द्वार,अखलासपुर बस स्टैंड के पास ड्रॉप गेट, कैमूर स्तंभ उप विकास आयुक्त के आवास के पास ड्रॉप गेट, एकता चौक,जयप्रकाश चौक और सर्किट हाउस के मुख्य प्रवेश द्वारा के बगल में पश्चिम दिशा में ड्रॉप गेट बनाया गया है।प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अपने प्रतिनियुक्त स्थल पर 7 से 14 मई तक 9 से 5 बजे तक उपस्थित रहेंगे।उम्मीदवार के वाहन सहित अधिकतम तीन वाहन समाहरणालय मुख्य प्रवेश द्वार जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय के 100 मीटर परिधि के बाहर तक आएंगे।इसके उपरांत उम्मीदवार सहित पांच व्यक्ति ही समाहरणालय मुख्य प्रवेश द्वार से समाहरणालय परिसर में प्रवेश करेंगे।

# नवादा में पुरानी रंजिश को लेकर चली कई राउंड गोली, एक व्यक्ति के हाथ में लगी गोली

**इलाके में दहशत**

अंतर्कथा प्रतिनिधि

नवादा -: नवादा जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र के बदलू बीघागांव मे बदमाशों ने एक व्यक्ति को गोली मारकर जख्मी कर दिया। आनन फानन में परिजनों ने इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल में घायल को भर्ती कराया, जहां जख्मी व्यक्ति का इलाज चल रहा है। घायल के परिजन ने बताया नारदीगंज



थाना क्षेत्र के बदलू बीघा गांव के खेत के बधार में बैठ कर मोबाइल चला रहे थे तभी बदमाशों ने उनपर गोली चला दी जिससे वह घायल हो गए। घायल अवस्था में परिजन सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां घायल का इलाज जारी है घायल व्यक्ति की पहचान नारदीगंज थाना क्षेत्र के बदलू बीघा गांव निवासी उपेंद्र यादव के रूप में किया गया है। सूत्रो के मुताबिक पुरानी रंजिश को लेकर चली कई राउंड गोली में व्यक्ति के हाथ में में गोली लगी है इससे इलाके में दहशत का माहोल बन गया है।

## जमुई एसपी के निर्देशानुसार छापेमारी अभियान के तहत झाझा पुलिस ने बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ा

अंतर्कथा प्रतिनिधि



जमुई झाझा-: बालू माफियाओं के द्वारा जमुई एसपी के निर्देशानुसार लगातार चलाए जा रहे छापेमारी अभियान के तहत झाझा पुलिस ने बालू लदा एक ट्रैक्टर थानाक्षेत्र के खैरन गांव से जब्त किया। दरअसल थानाध्यक्ष संजय सिंह को बालू तस्करी की सूचना प्राप्त हुआ जिसके बाद गश्ती कर रहे एएसआई मुकेश कुमार को सूचना दी गई जिसके बाद एएसआई ने खैरन क्षेत्र पहुंचा जहां बालू लदा एक ट्रैक्टर गुजर रहा था लेकिन पुलिस को देखकर वाहन चालक वाहन छोड़कर भागने में कामयाब रहा। वही पुलिस ने जब्त ट्रैक्टर के चालक, मालिक के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर आगे की कार्रवाई करने में जुट चुकी है।

## भारतीय जनता पार्टी के यूथ प्रदेश मंत्री वेदव्यास चौबे ने लोकसभा चुनाव को लेकर भरी हुंकार



अंतर्कथा प्रतिनिधि

कैमूर -: लोकसभा चुनाव का बिगुल बज गया है सभी पार्टी के कार्यकर्ता एवं प्रत्याशी लगातार क्षेत्र का दौरा करके लोगों को अपने पार्टी के घोषणा पत्र एवं अपने कार्य की सफलता को बता कर मतदाताओं को सभी पाटी अपने पक्ष मे रिझाने का काम कर रहे हैं। इसी क्रम में कैमूर जिले के चैनपुर प्रखंड के सीरबिट गांव निवास भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री वेदव्यास चौबे ने युवाओं में एक जोश भरते हुए कहा है कि युवा हमारे देश के भविष्य हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यों को युवा बखूबी समझ रहे हैं। वही श्री चौबे ने कहा कि विश्वामित्र जी की पावन धरती बक्सर से मिथिलेश तिवारी चुनाव लड़ रहे हैं तो बाबा विश्वनाथ की पावन नगरी से माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव लड़ रहे हैं यह हम लोगों के सौभाग्य की बात है। उन्होंने युवाओं से अपील किया कि बक्सर में भारी से भारी मतों से मिथिलेश तिवारी को विजई बनाकर भेजें जिससे मोदी जी का जो 400 पार का सपना है वह पूरा किया जा सके। श्री चौबे ने कहा कि लगातार युवाओं से संवाद किया जा रहा है युवा बढ़ चढ़कर भारतीय जनता पार्टी को मतदान करने के लिए उत्साहित है। निश्चय ही इस बार भारतीय जनता पार्टी 400 पार जो मोदी जी का और अमित शाह का सपना है पूरा होगा। वहीं बिहार में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी के द्वारा बिहार में लगातार युवाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री तथा भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भारतेंदु मिश्र, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष पिंकू मेहता, बक्सर लोकसभा से युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौरभ तिवारी, अमित मिश्रा, कैमूर जिला भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री विकास पांडे सहित सभी ने एक स्वर में कहा कि बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हम सभी युवाओं का पसंदीदा मुख्यमंत्री माने जाते हैं जो हर समय युवाओं के विकास की बात करते रहते हैं वही भाजपा के यूथ प्रदेश मंत्री वेदव्यास चौबे ने कहा कि हम बिहार के युवाओं का सोच व सपना है कि तीसरी बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश का नेतृत्व करे यह हम लोग का सपना सरकार होकर रहेगा. वही बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के लोकप्रिय कहे जाने वाले वेदव्यास चौबे ने कहा की बिहार विकास पुरुष के नाम से जाने जाने वाले बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सपनों को सरकार करके हम युवा मानेंगे।

## गोपाल प्रसाद बरनवाल की अध्यक्षता में बरनवाल सेवा समिति की हुई बैठक

जमुई झाझा-: बरनवाल सेवा समिति की ओर से एक बैठक बरनवाल सेवा सदन में आहुत की गई। जिसकी अध्यक्षता गोपाल प्रसाद बरनवाल के द्वारा किया गया। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया । संगठन में ललन प्रसाद बरनवाल जो कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्त थे उन्होंने अपना इस्तीफा पत्र संगठन को सौंपा जिसको संगठन के लोगों ने स्वीकार किया और सर्वसहमति से संजय प्रसाद को कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। इसके अलावे संगठन के सदस्य प्रयाग प्रसाद बरनवाल द्वारा लगातार समाज विरोधी कार्य को देखते हुए संगठन के पदाधिकारियों के द्वारा समझाए जाने पर भी उसमे कोई सुधार न होने पर संगठन के सदस्यों ने निर्णय लेते हुए उसे कार्यसमिति सदस्य से निष्कासित कर दिया। गोपाल प्रसाद बरनवाल द्वारा बैठक में कहा गया कि यह संगठन बरनवाल समाज के साथ साथ पूरे समाज के लिए हित में कार्य करती है। संगठन के द्वारा लगातार समाज में किए गए कार्यो के कारण यह संगठन लोगों के बीच एक अलग पहचान स्थापित किया है।

## विकास कार्यो को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीडीओ रविजी की अध्यक्षता में बैठक

अंतर्कथा प्रतिनिधि



जमुई झाझा-: पंचायत में विकास कार्यो को लेकर सोमवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीडीओ रविजी की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। जिसमें पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक, कार्यपालक सहायक, लेखापाल के साथ बीपीआरओ मौजूद रहे। बैठक में पंचायत के कार्यो की समीक्षा बीडीओ के द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित पंचायतकर्मियों को साफ तौर पर निर्देश देते हुए कहा कि पंचायतकर्मी अपने अपने पंचायत में शत प्रतिशत ईमानदारी पूर्वक कार्य करे। कबीर अंत्योष्टि, जन्म- मृत्यु प्रमाण पत्र, स्वच्छता, पंचायत की जो भी योजना है उसे अवश्य पूरा करे। बीडीओ ने पंचायतकर्मियों को निर्देश दिया कि कोई भी कर्मी बिना अनुमति के मुख्यालय नही छोड़ेगा। इसके अलावे हर सप्ताह पंचायत के चल रहे कार्यो की समीक्षा भी की जाएगी। बीडीओ ने बताया कि जल्द ही पंचायत में पहुंचकर पंचायत में चल रहे कार्यो की समीक्षा की जाएगी और पंचायत में घूमघूम कर लोगों से जनसमस्या भी सुनी जाएगी।

## नशा करने से पत्नी ने किया मना तो पति ने खाया विषाक्त पदार्थ, हालत गंभीर

अंतर्कथा प्रतिनिधि

कैमूर- :नशा करने से पत्नी ने पति को मना किया तो पति को यह बात नागवार गुजरी और विषाक्त पदार्थ खा लिया। इस घटना में युवक की हालत गंभीर रूप से बिगड़ गयी। यह घटना कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र की बतायी जाती है। कुदरा थाना क्षेत्र के गोलउडीह गांव मेंने पत्नी के नशा करने से मना करने पर जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की उसका पति गोलउडीह गांव निवासी अर्जुन चौधरी का 32 वर्षीय बेटा अनिल चौधरी ने की। घटना की जानकारी होने के बाद परिजन युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरा ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सक ने युवक को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जिसके बाद परिजन युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाये। जहां चिकित्सकों द्वारा भरती कर इलाज किया जा रहा है।

## बाइक पर बैठकर गांव जा रही महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल

अंतर्कथा प्रतिनिधि

कैमूर-: बाइक पर बैठकर गांव जा रही एक महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। यह घटना कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र की बतायी जाती है। मोहनिया थाना क्षेत्र के डड़वा गैस एजेंसी के समीप बाइक पर बैठी एक महिला मोहनिया थाना क्षेत्र के सराय गांव निवासी नंदलाल सिंह की पत्नी सविता देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना के बाद आस पास रहे लोग मौके पर पहुंचे और घायल महिला को इलाज के लिए मोहनिया अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। मोहनिया अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सक द्वारा घायल महिला को भरती कर इलाज किया जा रहा है।

## चुनाव को सफल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न कराने हेतु सासाराम लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी राजनीतिक पार्टियों के जिला अध्यक्षों के साथ डीएम ने किया बैठक

अंतर्कथा प्रतिनिधि

कैमूर- : सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी कैमूर सावन कुमार के द्वारा लोकसभा में निर्वाचन 2024 के निमित्त चुनाव को सफल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न कराने हेतु सासाराम लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी राजनीतिक पार्टियों के जिला अध्यक्षों के साथ विभिन्न बिंदुओं (आदर्श आचार संहिता, निर्वाचन में व्यय, नाम निर्देशन, एमसीएमसी, पेड न्यूज आदि) पर चर्चा एवं जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से बैठक की गई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी कैमूर के द्वारा बैठक



में उपस्थित सभी राजनीतिक पार्टियों के जिला अध्यक्षों को निर्वाचन प्रक्रिया के विभिन्न तिथियों(जैसे नॉमिनेशन की तिथि, नॉमिनेशन की अंतिम तिथि 14 मई 2024, नॉमिनेशन के उपरांत स्कूटनी की तिथि, मतदान की तिथि 1 जून 2024 तथा मतगणना की तिथि 4 जून 2024) से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि नॉमिनेशन निर्धारित तिथि को 3:00 बजे अपराह्न तक ही स्वीकार किया जाएगा। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा जिला अध्यक्षों को बताया गया कि नॉमिनेशन के दिन सभी आवश्यक कागजात के साथ निर्धारित समय तक नॉमिनेशन दाखिल किया जा सकता है। उन्होंने जनसभा हेतु सुविधा काउंटर से परमिशन प्राप्त करने की जानकारी सभी राजनीतिक पार्टियों के जिला अध्यक्षों को दी। वहीं मीडिया एवं एमसीएमसी सेल व अभ्यर्थी व्यय अनुसरण कोषांग के नोडल पदाधिकारी तथा विधि व्यवस्था कोषांग के नोडल पदाधिकारी के द्वारा उपस्थित सभी राजनीतिक पार्टियों के जिला अध्यक्षों को क्रमशः मीडिया सर्टिफिकेशन, पेड न्यूज़, अभ्यर्थी व्यय पंजी संधारण इत्यादि की जानकारी दी गई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक विनोद आनंद (विनोद कुमार मंडल) के लिए सहयोग प्रिंटर्स एंड पब्लिकेशन, रतनपुर, पो-गोविन्दपुर, जिला - धनबाद, झारखंड, पिन- 828109 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक-'विनोद आनंद, कार्यालय-रतनपुर, पो गोविन्दपुर, जिला-धनबाद, झारखंड - 828109, (पी आर बी के तहत खबर चयन के लिए जिम्मेवार), आरएनआई पंजीयन संख्या 68458/98